दिनांक : 25.09.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया-2025 का करेंगे उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को 337 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का किया वितरण।
- सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- एशिया कप क्रिकेट में भारत बांग्लादेश को हराकर फाइनल में पहुंचा।

प्रधानमंत्री - वर्ल्ड फूड इंडिया 2025

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का उद्घाटन करेंगे। चार दिन के इस आयोजन में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, खाद्य स्थिरता और पौष्टिक और जैविक खाद्य उत्पादन में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस वैश्विक खाद्य आयोजन में 21 से अधिक देशों, 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा दस केंद्रीय मंत्रालयों की भागीदारी होगी।

प्रधानमंत्री-दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश और राजस्थान का दौरा करेंगे। वे ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री राजस्थान का दौरा करेंगे और एक लाख 22 हज़ार 100 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी पीएम कुसुम लाभार्थियों से भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड की लगभग 42 हज़ार करोड़ रुपये की लागत वाली माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

बालाघाट-कंटगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल बालाघाट जिले के कटंगी में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में सहभागिता की। उन्होंने प्रदेश के करीब 6 लाख 70 हजार धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री जिले में करीब 245 करोड़ रुपये की लागत वाले 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जिले के नक्सल प्रभावित ग्रामों के चार हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए। मुख्यमंत्री ने कटंगी में नया सामुदायिक अस्पताल, हाईस्कूल को हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रोन्नत करने की घोषणा की। कटंगी से सिवनी राजमार्ग पर नया सेतु और पेंच नेशनल पार्क के पास खेतों में सोलर फेंसिंग को भी स्वीकृती दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली से पहले ही किसानों को धान के बोनस के रूप में तोहफा मिला है।

बाइट- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन- वेव्स के माध्यम से भारत को मीडिया और मनोरंजन का वैश्विक केंद्र बना रही है।

वीओ -

"नरेन्द्र मोदी सरकार का दृष्टिकोण भारत की रचनात्मकता शक्ति का उपयोग कर उसे वैश्विक नेता बनाने का है। इस दृष्टिकोण का एक हिस्सा मुंबई में इस साल 1 से 4 मई तक आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स का पहला संस्करण था। इस आयोजन का उद्देश्य दुनिया भर के रचनाकारों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना था। वेव्स का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था सकल घरेलू उत्पाद में सकारात्मक योगदान दे सकती है।

भारत की क्रिएटिव इकोनॉमी आने वाले वर्षों में जीडीपी में अपना योगदान और बढ़ा सकती है। आज भारत फिल्म, प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और म्यूजिक का ग्लोबल हब बन रहा है। आज ग्लोबल एनीमेशन मार्केट प्राइस 430 बिलीयन डॉलर से ज्यादा का है अनुमान है कि अगले 10 सालों में यह डबल हो सकता है। यह भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है। रचनात्मकता, तकनीक और प्रतिभा का लाभ उठाकर एक उज्जवल भविष्य बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, वेव्स फ़िल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई, एवीजीसी, एक्सआर, प्रसारण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी को एक साथ लाकर भारत के मीडिया और मनोरंजन कौशल को प्रदर्शित करता है। अभिनेता आमिर खान ने भी इस पहल की सराहना की। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही अच्छा विचार है और यह पूरे देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। यह एक बेहतरीन पहल है, जो भारत के मनोरंजन पर केंद्रित है। ये सब इसलिए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इसे प्रधानमंत्री ने स्वयं शुरू किया है। वहीं, यूनेस्को के लाज़ारे एलौंडू ने भी नवाचार को बढ़ावा देने के भारत के दृष्टिकोण की सराहना की।

मैं भारत को बधाई देता हूँ कि उसने पहला विश्व ऑडियो-विज़ुअल और एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए बधाई देता हूॅं। इसमें उद्योग जगत के प्रमुखों, हितधारकों को एक साथ लाया गया है। इसके लिए मैं भारत की सराहना भी करता हूॅं। विविध चुनौतियों और सहयोग के लिए एक मंच के रूप में, वेव्स ने भारत के मीडिया और मनोरंजन के भविष्य पर एक स्थायी प्रभाव डाला है। समाचार कक्ष से सरफिरोजी। "

सेवा पखवाड़ा

प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत आज उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सरोजनी नायडू शासकीय स्वशासी कन्या महाविद्यालय भोपाल में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करेंगे। पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कल मैहर जिले में अमदरा स्वास्थ्य केन्द्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुई। आगरमालवा जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय अजीविकास मेला आज से आयोजित किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के तहत् लगाए जा रहे इस मेले में महिला स्वयं सहायता समूह एवं स्थानीय निर्मित सामग्री का विक्रय होगा। कटनी में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कार्यक्रमों और अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने कल विजयराघवगढ़ क्षेत्र का भ्रमण किया। ग्वालियर जिले में सेवा पखवाड़ा एवं "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" के तहत जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी है। कल जिले के 16 सरकारी अस्पतालों में शिविर लगाए गए।

जीएसटी सुधार- उपचार संयंत्र

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं, जो इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अपशिष्ट उपचार संयत्रों पर वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम की गई हैं।

मुख्यमंत्री-सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सागर जिले के जैसीनगर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल और मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। सिटी गैस ड्रिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास के लिए और सीएनजी स्टेशन संचालित करने के लिए एनओसी एवं पाईपलाईन बिछाये जाने हेतु अनुमति दिये जाने का प्रावधान है। इसके लिए सिंगल विंडो पोर्टल का निर्माण किया गया है।

एशिया कप क्रिकेट

भारत दुबई में कल रात सुपर फ़ोर के मैच में बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर एशिया कप 2025 के फ़ाइनल में पहुंच गया है। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने 20 ओवरों में 6 विकेट पर 168 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 37 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेली।
जवाब में बांग्लादेश 127 रन ही बना सका। आज, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच दुबई में मैच होगा। इसके विजेता से भारत फाइनल में खेलेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण एवं संगीत संध्या का आयोजन 27 एवं 28 सितम्बर को लता मंगेशकर सभागार वीआईपी परस्पर नगर में आयोजित किया जाएगा। 27 सितम्बर को स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने ग्राम बिलीडोज में अवैध मुरूम खनिज उत्खनन का मामला दर्ज कर 33 लाख से अधिक अर्थदंड अधिरोपित किया है।
- नवरात्रि के चौथे दिन आज माता के कूष्माण्डा देवी स्वरूप की उपासना की जा रही है। प्रदेश के मंदिरों में सुबह से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे है।